# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




**11 August 2026**

Yesterday, Quiz:

**Q. किस राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अब पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की तैयारी की जा रही है?**

(A) हरियाणा

(B) मध्यप्रदेश

**(C) राजस्थान**

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अब पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) मॉडल को चरणबद्ध तरीके से लागू करने की तैयारी की जा रही है।

- प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर काम किया जा रहा है। इसके लिए PPP मॉडल को एक साथ पूरे राज्य में लागू करने के बजाय चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाएगा,

- राज्य की जरूरतों और स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए PPP मॉडल के विभिन्न विकल्पों का अध्ययन किया जाएगा।

## 1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) श्रीगंगानगर के बसंत ने अमेरिका में चल रही अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप की ऊंची कूद में सिल्वर मेडल जीता।

(B) वह इस स्पर्धा में भारत के लिए पदक जीतने वाला पहला एथलीट बन गया है।

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं




GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

श्रीगंगानगर के बसंत ने अमेरिका में चल रही अंडर-20 विश्व चैम्पियनशिप की ऊंची कूद में सिल्वर मेडल जीता।

- वह इस स्पर्धा में भारत के लिए पदक जीतने वाला पहला एथलीट बन गया है।
- अनूपगढ़ तहसील के छोटे से गांव 12 ए निवासी बंसत ने 2.21 मीटर ऊंची छलांग लगा रजत पदक जीता है।
- बसंत वर्तमान में नौसेना में कार्यरत है और श्रीगंगानगर में संचालित राज्य की जूनियर एथलेटिक्स एकेडमी में लंबे समय तक प्रशिक्षण ले रहा है।
- बसंत ने मई में हांगकांग में खेली गई एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपिशनशिप में गोल्ड मेडल जीता था

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) जयपुर में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।

(B) प्रदेश में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का सफल आयोजन भी किया गया।

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- जयपुर में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है।
- जयपुर के आमेर (अचरोल क्षेत्र) में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से महाराणा प्रताप खेलकूद विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है। इससे संबंधित विधेयक को विधानसभा में पारित किया जा चुका है।
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को सरकारी सेवाओं में प्राथमिकता दी जा रही है। अब तक 186 खिलाड़ियों को नियुक्तियां प्रदान की गई हैं।
- प्रदेश में पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 का सफल आयोजन भी किया गया।
- इन गेम्स में 222 विश्वविद्यालयों के लगभग 7 हजार खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रदेश के खिलाड़ियों ने इन गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 60 पदक जीतकर तीसरा स्थान प्राप्त किया था

03.राजस्थान में 16 साल बाद 42वीं सब जूनियर नेशनल तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन कहां किया गया?

(A) जोधपुर

(B) जयपुर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- जयपुर के SMS स्टेडियम स्विमिंग पूल में 6 से 9 अगस्त 2026 तक आयोजित 42वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय एक्वेटिक चैंपियनशिप संपन्न हुई
- जयपुर में 16 साल बाद नेशनल तैराकी चैंपियनशिप हुई।
- इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में तमिलनाडु ने कुल 13 स्वर्ण पदक जीतकर तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया, कर्नाटक 10 स्वर्ण के साथ दूसरे और बंगाल 6 स्वर्ण के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- दिल्ली की मायरा सिंह ने 4 स्वर्ण पदक और नए रिकॉर्ड के साथ 'गोल्ड गर्ल' बनने का गौरव हासिल किया, जबकि राजस्थान के देव कुमार फॉल्स स्टार्ट के कारण पदक से चूक गए
- राजस्थान के 8 तैराकों ने 17 इवेंट में हिस्सा लिया, लेकिन एक भी मेडल जीतने में सफल नहीं रहा।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) राजस्थान के युवा फिल्मकारों की मेवाड़ी भाषा में बनी फीचर फिल्म 'अमलपट्टा' ने मुंबई में 6-7 अगस्त को आयोजित BRICS फिल्म शिखर सम्मेलन में प्रदर्शित की गई

(B) फिल्म की मेवाड़ी भाषा, राजस्थान का ग्रामीण परिवेश और अपराध-रोमांच पर आधारित कहानी ने प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

राजस्थान के युवा फिल्मकारों की मेवाड़ी भाषा में बनी फीचर फिल्म 'अमलपट्टा' ने मुंबई में 6-7 अगस्त को आयोजित BRICS फिल्म शिखर सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

सम्मेलन का आयोजन सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय तथा एनएफडीसी वेव्स की ओर से किया गया। फिल्म के निर्देशक सौरव जैन ने सम्मेलन में 'अमलपट्टा' का प्रतिनिधित्व किया।

फिल्म की मेवाड़ी भाषा, राजस्थान का ग्रामीण परिवेश और अपराध-रोमांच पर आधारित कहानी ने प्रतिनिधियों का ध्यान आकर्षित किया।

**05. राजस्थान के किस जिले में मिस एंड मिसेज लहरिया राजस्थान 2026 प्रतियोगिता आयोजित करवाने जा रहा है?**

(A) जोधपुर

(B) जैसलमेर

(C) बीकानेर

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

‘ ▪ राजस्थान में सावन की बात हो और लहरिया कहीं छूट जाए तो सावन अधूरा है। रंगत फाउंडेशन द्वारा महिलाओं के प्रिय परिधान लहरिया का उत्सव मनाया जाएगा।

👁‍🗨 रंगत फाउंडेशन आगामी 23 अगस्त 2026 को बीकानेर में मिस एंड मिसेज लहरिया राजस्थान 2026 प्रतियोगिता आयोजित करवाने जा रहा है।

👁‍🗨 15 वर्ष पूर्ण कर चुकी राजस्थान की समस्त युवतियां व महिलाएं इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकेंगी।

👁‍🗨 मिस एंड मिसेज लहरिया राजस्थान 2026 प्रतियोगिता की ब्रांड एम्बेसडर मिस मूमल 2023, कल्चरल आइकन व मोटिवेटर गरिमा विजय है

जयपुर, रविवार, 09 अगस्त, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-171

1. **राजस्थान** में टीबी मरीजों को उपचार के दौरान आवश्यक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने और सामाजिक समर्थन देने के लिए कौनसा अभियान चलाया जा रहा है?
(A) आयुष्मान मित्र अभियान
(B) निक्षय मित्र अभियान
(C) स्वास्थ्य सखी अभियान
(D) निरोगी राजस्थान अभियान

2. **प्रधानमंत्री** मुद्रा योजना के तहत ऋण आवश्यकताओं के आधार पर बनाई गई श्रेणियों में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प शामिल है?
(A) शिशु, बाल, युवा एवं प्रौढ़
(B) शिशु, किशोर, तरुण एवं तरुण प्लस
(C) प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक
(D) लघु, मध्यम, अति-मध्यम

3. **मजदूरी** संहिता (राजस्थान) नियम-2026 के तहत श्रमिकों के न्यूनतम वेतन में महंगाई भत्ते का संशोधन वर्ष में कितनी बार करने का प्रावधान किया गया है?
(A) साल में एक बार (B) साल में दो बार
(C) साल में तीन बार (D) साल में चार बार

4. **राज्य** में नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए भूमि आवंटन नियमों में किए गए हालिया संशोधन (अगस्त 2026) के अनुसार, विकासकर्ताओं को आवंटित कुल भूमि का कितना प्रतिशत हिस्सा अनिवार्य रूप से 'वृक्षारोपण' के लिए आरक्षित रखना होगा?
(A) 5% (B) 10% (C) 15% (D) 20%

5. **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति' के तहत डीडवाना-कुचामन जिले की वनस्पति प्रजाति कौन सी है?
(A) अर्जुन (B) अमलतास
(C) खेजड़ी (D) कदम्ब

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. राजस्थान का एकमात्र एवं प्रथम 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इंडीजिनस फार्म कहां विकसित किया जा रहा है?**

(A) जोधपुर
(B) पाली
(C) जैसलमेर
(D) इनमें से कोई नही

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine